राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com

पत्रांक:–आर0एम0पी0यू0 /1759/ 2022 दिनांक:– 26 दिसम्बर, 2022

अधिसूचना

परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 05.12.2022 में व्यापक विचार विमर्श के उपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि बी0एड0, एलएल0बी0 तथा बी0ए0एलएल0बी0 अध्यादेश में वर्णित व्यवस्था के अनुसार जो छात्र–छात्रा बैक पेपर परीक्षा हेतु अर्ह है, उन्हें द्वितीय वर्ष में प्रोन्नत कर दिया जाये तथा ऐसे छात्र द्वितीय वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरान्त भी तव तक तृतीय वर्ष में प्रवेश नहीं पा सकेगे, जब तक वे प्रथम वर्ष की बैक पेपर परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं हो जाते।

परीक्षा समिति के उक्त निर्णय के क्रम में अध्यादेश में वर्णित प्रावधान निम्नानुसार है:–

01. **बी0एड0 पाठ्यक्रम:–**

(क) यदि कोई परीक्षार्थी लिखित परीक्षा के दो प्रश्न–पत्र में 40 प्रतिशत अंक प्राप्त नहीं कर पाता है, परन्तु समग्र औसत 45 प्रतिशत से अधिक है, तो वह प्रोन्नत कर दिया जायेगा, लेकिन उसे उस सत्र के पुनः परीक्षा में सम्मिलित होना होगा।

(ख) यदि कोई परीक्षार्थी लिखित परीक्षा के प्रत्येक प्रश्न पत्र में 40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लेता है, परन्तु समग्र औसत 45 प्रतिशत अंक प्राप्त नहीं कर पाता है, तो वह प्रोन्नत कर दिया जायेगा, परन्तु उसे अधिकतम दो प्रश्न–पत्र के पुनः परीक्षा में सम्मिलित हो सकता है।

02. **एलएल0बी0 पाठ्यक्रम:–** यदि किसी परीक्षार्थी का लिखित एवं प्रयोगात्मक परीक्षा में समग्र औसत अंक न्यूनतम 40 प्रतिशत से अधिक है तो वह अधिकतम 03 प्रश्न–पत्र में पुनः परीक्षा में सम्मिलित हो सकता है।

03. **बी0ए0एलएल0बी0 पाठ्यक्रम:–** यदि किसी परीक्षार्थी का लिखित एवं प्रयोगात्मक परीक्षा में समग्र औसत अंक न्यूनतम 40 प्रतिशत से अधिक है तो वह अधिकतम 02 प्रश्न–पत्र में पुनः परीक्षा में सम्मिलित हो सकता है।

परीक्षा समिति का उक्त निर्णय केवल सत्र 2021–22 के लिये मान्य होगा। मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार बी0एड0, एलएल0बी0 तथा बी0ए0एलएल0बी0 अध्यादेश में वर्णित व्यवस्था के अनुसार जो छात्र–छात्रा बैक पेपर परीक्षा हेतु अर्ह है, उन्हें द्वितीय वर्ष में प्रोन्नत करने हेतु आदेशित किया जाता है।

26/12/22

(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
02. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बद्ध महाविद्यालय, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
03. प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय वेबसाइट एवं महाविद्यालय लॉगइन पर अपलोड किये जाने हेतु।

26/12/22

सहा0 कुलसचिव